>

Title: Problem of drinking water in Bharat Coking Coal Limited and Central Coalfield Limited in Giridih, Jharkhand.

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान इस गर्मी के मौसम में, कोल इंडिया की इकाई भारत कोकिंग कोल लिमिटेड एवं सेंट्रल कोलफिल्ड लिमिटेड में पेयजल की घोर संकट की ओर दिलाना चाहता हूं।

सभापति महोदय, आपको ताज्जूब होगा कि वर्तमान में अरबों रूपया पीने के पानी के लिए खर्च हुआ है। लेकिन अभी तक वहां के लोगों को शुद्ध पेय जल नहीं उपलब्ध हो पाया है। हमारा आप से आग्रह होगा कि जिस प्रकार तेनुघाट डैम से बोकारो स्टील को पानी दिया जा रहा है उसी प्रकार तेनुघाट डैम से सी.सी.एल. के ढ़ोरी, कथारा एरिया और भारत कोकिंग कोल के बाद ब्लॉक-1 और ब्लॉक-2, ब्लॉक-3, एरिया-3, एरिया-4, एरिया-5 और एरिया-6 को पानी उपलब्ध कराया जाए।...(व्यवधान)

वहां पर चानक में पानी भरा हुआ है। भारत कोकिंग कोल्स का जितना भी माइन्स है उसमें से निकाल कर अगर हम पीने का पानी उपलब्ध करवाते हैं तो वहां के लोगों को गांव के लोगों को राहत मिलेगा और सिंचाई की व्यवस्था होगी।